वीर बहादुर सिंह पूर्वाञ्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर (उ०प्र०)

Web: www.vbspu.ac.in Email:connectpuregistrar@gmail.com

प्रेषक : कुलसचिव
वी०बी०एस०पू० विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

पत्रांक : 3230 / पू.वि.वि. / कु०स० / 2025
दिनांक : 27 फरवरी, 2025

सेवा में,

समस्त प्राचार्य / प्रबन्धक
सम्बद्ध महाविद्यालय
वीर बहादुर सिंह पू०वि०वि०,जौनपुर।

विषयः समर्थ ई.आर.पी. के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

शासन के निर्देशानुसार महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं का समर्थ पोर्टल पर स्टूडेन्ट लॉगिन किया जाना है । लॉगिन कराने हेतु विश्वविद्यालय के विभिन्न पत्रों के माध्यम से निर्देश जारी किये गये थे किन्तु अभी-भी महाविद्यालयों में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं का लॉगिन नहीं कराया गया है। **शासन के आदेशानुसार आगामी परीक्षाएं समर्थ पोर्टल में माध्यम से ही करायी जायेगी। ऐसे में जिन महाविद्यालयों द्वारा समस्त छात्र-छात्राओं का लॉगिन नहीं कराया गया है उन्हें समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है जिसका समस्त उत्तरदायित्व सम्बंधित महाविद्यालय का होगा।**

अतः आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि अपने महाविद्यालय में अध्ययनरत समस्त छात्र-छात्राओं का समर्थ पोर्टल पर स्टूडेन्ट लॉगिन प्रत्येक दशा में 01 सप्ताह के अन्दर कराना सुनिश्चित करें जिससे छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. वित्तअधिकारी।
2. परीक्षा नियन्त्रक को इस आशय से कि उपरोक्त प्रकरण पर अपने स्तर से भी मॉनीटरिंग करने का कष्ट करें।
3. नोडल अधिकारी, समर्थ पोर्टल।
4. समस्त उप कुलसचिव।
5. निजी सचिव, कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. प्रभारी, वेबसाइट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

कुलसचिव